# अर्ज़ी हमारी मर्ज़ी तुम्हारी चलती है सांवरिया लिरिक्स

अर्ज़ी हमारी मर्ज़ी तुम्हारी,
चलती है सांवरिया,
दुनिया ये सारी तुमको दातारी,
कहती हैं सांवरिया,
सांवरिया कहती हैं सांवरिया।bd।

---

दर पे तुम्हारे आते है सारे,
दिल की बातें सुनाने,
कब किसको क्या तू दे देगा,
कोई नहीं ये जाने,
अदा यही प्यारी अच्छी तुम्हारी,
लगती हैं सांवरिया,
सांवरिया लगती हैं सांवरिया।bd।

---

जिसपे दया का हाथ हो तेरा,
रहती ना उसको फिकर है,
मस्त रहे वो मस्ती में तेरी,
ऐसा ये तेरा असर है,
उसपे कृपा की नज़र तुम्हारी,
रहती हैं सांवरिया,
सांवरिया रहती हैं सांवरिया।bd।

---

तेरे बिना ना मुश्किल चलना,
एक कदम मेरे श्याम,
तेरी रज़ा में राज़ी है ‘कुंदन’,
‘ज्योति’ संग मेरे श्याम,
तुझपे वारि उम्र ये सारी,
लिख दी है सांवरिया,
सांवरिया लिख दी है सांवरिया।bd।

---

अर्ज़ी हमारी मर्ज़ी तुम्हारी,
चलती है सांवरिया,
दुनिया ये सारी तुमको दातारी,
कहती हैं सांवरिया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com